रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-03072026-274049
CG-DL-E-03072026-274049

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 486] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 1, 2026/आषाढ 10, 1948
No. 486] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 1, 2026/ASHADHA 10, 1948

## उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

## (खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 जुलाई, 2026

**सा.का.नि. 544(अ) —** केंद्रीय सरकार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (2013 का 20) की धारा 22 की उपधारा (4) के खंड (घ) के साथ पठित धारा 39 की उपधारा (2) के खंड (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, खाद्य सुरक्षा (राज्यों को सहायता) नियम, 2015 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ - (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम खाद्य सुरक्षा (राज्यों को सहायता) संशोधन नियम, 2026 है।

   (2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. खाद्य सुरक्षा (राज्यों को सहायता) नियम, 2015 में, नियम 7 में उप-नियम (1क) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(1क) उप-नियम (1) के *स्पष्टीकरण* में यथानिर्दिष्ट सामान्य प्रवर्ग या विशेष प्रवर्ग में राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों को केंद्रीय सहायता के व्यय के संशोधित मानदंड (प्रति क्विंटल रुपये में) और उसमें केंद्रीय सरकार के हिस्से की सीमा (प्रतिशत में), नीचे दी गई सारणी में यथा निर्दिष्ट, उन राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों को तारीख **1 अप्रैल, 2026** से प्रदान की जाएगी जो धारा 12 में विनिर्दिष्ट सुधारों और केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर दिए गए निदेशों का अनुपालन करते हैं, अर्थात्:-

**सारणी**

| राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रवर्ग | व्यय के मानदंड (दर प्रति क्विंटल रुपये में) | | | केन्द्रीय हिस्सा (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|
| | अंतरा-राज्यीय संचलन और प्रबंधन | उचित दर दुकान डीलरों का मार्जिन | | |
| | | मूलभूत | प्वाइंट-ऑफ-सेल डिवाइस के माध्यम से बिक्री के लिए अतिरिक्त मार्जिन | |
| सामान्य | 70 | 100 | 11 | 50 |
| विशेष | 105 | 195 | 11 | 75 |

[ फा. सं. 15/4/2025-एनएफएसए ]

रवि शंकर, संयुक्त सचिव

**टिप्पण—** मूल नियम, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उप-खंड (i) में सा.का.नि. 636 (अ) तारीख 17 अगस्त, 2015 के द्वारा प्रकाशित किए गए थे और सा.का.नि. 384 (अ) तारीख 23 मई, 2022 द्वारा अंतिम बार संशोधित किए गए थे।

## MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION

### (Department of Food and Public Distribution)

### NOTIFICATION

New Delhi, the 1st July, 2026

**G.S.R. 544(E).** — In exercise of the powers conferred by clause (e) of sub-section (2) of section 39 read with clause (d) of sub-section (4) of section 22 of the National Food Security Act, 2013 (20 of 2013), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Food Security (Assistance to State Governments) Rules, 2015 namely:-

1. Short title and commencement. - (1) These rules may be called the Food Security (Assistance to State Governments) Amendment Rules, 2026.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Food Security (Assistance to State Governments) Rules, 2015, in rule 7 for sub-rule (1A) the following sub-rule shall be substituted, namely :-

"(1A) The revised norms of expenditure (in rupee per quintal) of Central assistance to the State Governments and Union territories in the General category or Special category, as specified in the *Explanation* to sub-rule (1) and the limit of the share of the Central Government thereto (in percentage) as specified in the table below, shall be provided with effect from the **1st day of April, 2026** to those State Governments and Union territories who comply with the reforms specified in section 12 and the directions given by the Central Government from time to time, namely:-

**Table**

| Category of States and Union Territories | Norms of expenditure (Rate in rupee per quintal) | | | Central share (in percentage) |
|---|---|---|---|---|
| | Intra-State movement and handling | Fair Price Shop dealers’ margin | | |
| | | Basic | Additional margin for sale through point-of-sale device | |
| General | 70 | 100 | 11 | 50 |
| Special | 105 | 195 | 11 | 75” |

[F.No. 15/4/2025-NFSA]

RAVI SHANAKAR, Jt. Secy.

**Footnote. —** The principal rules were published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (i) *vide* number G.S.R. 636 (E), dated the 17th August, 2015 and lastly amended *vide* number G.S.R.384(E), dated 23rd May, 2022.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

KUMER CHAND MEENA
Digitally signed by KUMER CHAND MEENA
Date: 2026.07.03 16:25:58 +05'30'